# एस.एम.एम.एच. राजकीय मेडिकल कालेज
अम्बाला रोड, पिलखनी, सहारनपुर।

https://www.smmhmedicalcollege.in E-mail-smedicalcollegeab@gmail.com

संख्या–रा.मे.का.स. / 2025 / 2596 दिनांक–23.07.2025

## सेवायोजन विज्ञप्ति

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या–एम0ई0–3 / 2024 / 2443 दिनांक 22.10.2024 के संदर्भ में राजकीय मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, सहारनपुर में चिकित्सा प्रबन्धन एवं मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधायें एवं उनके तीमारदारों को बेहतर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से हॉस्पीटल एडमिनिस्ट्रेशन (Hospital Administration) के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) के पदों पर **वेतनमान– रू0 104346 / –(गेड–पे+डी.ए.+ एन.पी.ए.)** में संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु **दिनांक 28.07.2025** को वॉक–इन–इन्टरव्यू आयोजित किये जाते है तथा इच्छुक अभ्यर्थियों से वॉक–इन–इन्टरव्यू में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदक की अर्हता एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हॉस्पीटल एडमिनिस्ट्रेशन निर्धारित की गयी है।**

शासनादेश संख्या–5 / 2019 / 04 / 1 / 2008 / का–2 / 2019 टी सी–1, लखनऊ, दिनांक–13.08.2019 में दी गयी आरक्षण की व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु 100 प्वाइंट रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

**रिक्त पदों पर रोस्टर के अनुसार पदों का विवरण**

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदो की संख्या | अनारक्षित | अन्य पिछडा वर्ग | अनुसूचित जाति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) | **02** | 0 | 01 | 01 |

**अर्हताएं–** उक्त पदों पर चयन की कार्यवाही साक्षात्कार (वॉक–इन–इन्टरव्यू) के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रतियों की एक प्रति स्वप्रमाणित, अनुभव, आरक्षित श्रेणी का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा 02 नवीन फोटो, यू0पी0 मेडिकल कांउसिल के स्थायी पंजीकरण सहित **दिनांक– 28.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे प्रशासनिक भवन, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में** उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**शर्तेः**–चयनित अभ्यर्थियों को प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष के निर्देशानुसार विभागीय कार्यो के अतिरिक्त अन्य चिकित्सीय आवश्यकतानुसार भी कार्य करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहें है तो उस संस्था से **अनापत्ति प्रमाण पत्र** लाना अनिवार्य होगा। शासनादेश संख्या–06 / 2019 / 88 / 71–3–2019–जी–158 / 2017टीसी–1 दिनांक 13 फरवरी, 2029 के अनुसार अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 40 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए। इनकी नियुक्ति 01 वर्ष हेतु की जायेगी तथा इनकी अधिकतम कार्यावधि 03 वर्ष की होगी। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को **नवीनतम जाति** प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थियों की सूची कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी। संस्थान द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

उक्त रिक्त पदों पर आवेदन करने हेतु कॉलेज की वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सभी प्रविष्टियां पूर्ण करते हुए पता, मोबाइल नम्बर एवं हस्ताक्षरयुक्त आवेदन को कॉलेज की ई0मेल आई0डी0–**smedicalcollegeab@gmail.~~com~~in** पर दिनांक 27.07.2025 तक अवश्य तक भेज दें। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार के दिन उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी सभी संलग्नकों सहित कार्यालय में जमा करा दें।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।

पत्रांकः रा0मे0का0स0 / ई0सी0–1 / विज्ञप्ति / 2025 / 2596 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण 6वां तल, जवाहर भवन लखनऊ को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइड पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी, मेडिकल कालेज, सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड पर लगवाने की व्यवस्था करें तथा साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
3. कुलसचिव / प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज, कानपुर, मेरठ, आगरा, झांसी, गोरखपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, जालौन, बदांयु को इस आश्य के साथ प्रेषित कि वे उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कार्यालय / छात्रावासों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर को इस आश्य के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कॉलेज की वेबसाइड पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
5. लेखा अनुभाग / अधिष्ठान–प्रथम, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
6. नोटिस बोर्ड / सूचना पटट हेतु।

प्रधानाचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।